**भारत सरकार**
**पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय**

**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या: 3972**
**दिनांक 19 दिसंबर, 2024**

**सड़क परिवहन के लिए ओएमसी डिपो से आरओ तक अनुबंध अवधि का विस्तार**

**†3972. श्री ज्ञानेश्वर पाटील :**

क्या **पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) प्रत्येक तेल विपणन कंपनी (ओएमसी) डिपो से खुदरा बिक्री केन्द्र (आरओ) तक सड़क परिवहन के संबंध में संविदा की अवधि और इसके विस्तार का ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या आईओसीएल के इंदौर डिपो/टर्मिनल के संबंध में सड़क परिवहन के लिए मूल/प्राथमिक ठेके की अवधि इस वर्ष समाप्त हो रही है;

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और ऐसे डीलरों को अवसर प्रदान करने के लिए नई निविदा जारी करने अथवा मौजूदा संविदा को बढ़ाने के लिए क्या प्रयास किए जा रहे हैं जो नई निविदाएं जोड़ने या परिसंघ से बाहर निकलने या संघ बनाने के इच्छुक हैं; और

(घ) क्या मूल समयावधि के दौरान सभी ओएमसी की मूल निविदाओं को समाप्त करने, यदि यह नितांत आवश्यक है, का कोई प्रावधान है, और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**
**पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय में राज्य मंत्री**
**(श्री सुरेश गोपी)**

(क) से (घ): तेल विपणन कंपनियों (ओएमसीज) नामत: इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (आईओसीएल), भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल) और हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एचपीसीएल) महारत्न सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रम (पीएसयूज) हैं। वे बोर्ड द्वारा चालित वाणिज्यिक कंपनियां हैं जो सार्वजनिक रूप से सूचीबद्ध हैं। इस प्रकृति वाली कंपनियों के रूप में उन्हें अपने दिन-प्रतिदिन के वाणिज्यिक निर्णय लेने में प्रचालनात्मक स्वतंत्रता प्राप्त है।

आईओसीएल, बीपीसीएल और एचपीसीएल द्वारा यथा सूचित, इंदौर टर्मिनल सहित विभिन्न स्थलों से रोड परिवहन के लिए निविदाएं समय-समय पर उनके समर्पित ई-अधिप्राप्ति पोर्टल के माध्यम से जारी की जाती हैं। निविदा दस्तावेजों में अन्य बातों के साथ-साथ संविदा की अवधि, विस्तार, उनकी वास्तविक वैधता अवधि के दौरान वास्तविक परिवहन संविदा के समापन से संबंधित प्रावधान हैं। जारी की गई निविदाएं और प्रदान की गई संविदा के संबंध में ब्यौरे उनके संबंधित अधिप्राप्त पोर्टल्स अर्थात आईओसीएल- https://iocletenders.nic.in/, बीपीसीएल https://bpcltenders.eproc.in, एचपीसीएल- https://www.hindustanpetroleum.com/purchase-procurement#. पर उपलब्ध है।

****